हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 3 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| मंदसौर]

06 शिवभक्त भंवरसिंह ने ली थी समाधि, तभी से पहले...



07 सौ समस्याओं का एक निदान, पृथक बुंदेलखंड...



भक्तों की लगी कतारें, माता रानी के दर्शन कर करवाए हवन अनुष्ठान

प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठः मंदिर में बड़ी संख्या में भक्त मनोकामना लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ी। यहां पहुंचने वाले भक्त माता रानी के चरणों में अपनी श्रद्धा व आस्था प्रकट कर रहे हैं। मंदिर समिति द्वारा गर्भगृह में प्रवेश पूरी तरह बंद कर रखा है। भक्तगण गर्भगृह के बाहर से ही माता रानी के दर्शन कर रहे हैं।

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त अपनी मनोकामना को लेकर पहुंच रहे है। जिनमें कई वीआईपी भी शामिल रहते हैं। रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर आस्था का मेला लगा रहा। बड़ी संख्या में भक्त मां के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर के अंदर व सिंह द्वार से बाहर तक प्रातःकालीन आरती के बाद से ही भक्तों की कतारे लगना प्रारंभ हो गई थी, जो देर शाम तक जारी थी। भक्तों को माताराणी के दर्शन के लिए लाईन में खडे रहकर प्रतिक्षा करना पडी। कई भक्तो द्वारा मां के दरबार में परिवार की खुशहाली तथा सुख समृद्धि व मनोकामना पूर्ति हेतु विशेष पूजन,हवन-अनुष्ठान कर मां के दरबार में मन्नते मांगी गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था। मान्यता है कि मां के समक्ष सच्चे मन से भक्त जो भी मनोकामना करता है, माताराणी उसे अवश्य ही पूर्ण करती है। यही कारण है कि उक्त मंदिर देश के साथ विदेशों में भी अपनी ख्याति प्राप्त कर रहा है तथा दिन-प्रतिदिन भक्तों की आस्था इस मंदिर को लेकर बढ रही है। अपने को धन्य मान रहे हैं। बगलामुखी मंदिर पर होने वाली मंगला व संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्त शामिल होते है।

प्रतिदिन माता का विशेष श्रृंगार

मंदिर के मुख्य पुजारी परिवार द्वारा कर माताराणी को नई चुनरी उड़ाई जाती है। माता के इस मनोहारी रूप के दर्शन कर भक्त

इनका कहना है

रविवार को मां बगलामुखी मंदिर पर दर्शनार्थ आई एक महिला के गले से चैन स्नेचिंग की घटना हुई है। संबंधित द्वारा इस संबंध में आवेदन दिया गया है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।
नागेश यादव, थाना प्रभारी नलखेड़ा

चेन स्नेचिंग की हुई घटना

रविवार को हरदा जिले की एक महिला जो कि दर्शनार्थ मंदिर पहुंची थी के गले से अज्ञात बदमाशों द्वारा सोने की चेन खींच ली गई। जिसकी शिकायत महिला द्वारा स्थानीय पुलिस थाने पर की गई है। महिला के परिजन का कहना है कि घटना के बाद काफी देर तक हमे मंदिर में प्रवेश नही दिया गया, जब अंदर मंदिर प्रबंध समिति के कार्यालय पर पहुंचे और घटना बताते हुवे सीसीटीवी फुटेज देखने का बोला तो कहा गया कि पहले पुलिस को शिकायत करो फिर वे आकर फुटेज देखेंगे। उन्होंने बताया कि घटना के तत्काल बाद यदि सीसीटीवी चेक कर लेते तो हो सकता है कि अपराधी की पहचान होकर पकड़ा जा सकता था। विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से हजारों की संख्या में माता भक्त पहुंच रहे हैं लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए कोई पुख्ता इंतजाम न होने से चेन स्नेचिंग, बाइक चोरी, मोबाइल चोरी जैसी आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही है। भक्तों द्वारा लंबे समय से मंदिर परिसर में एक पुलिस चौकी की स्थापना की मांग भी की जा रही है लेकिन आज तक पुलिस चौकी की स्थापना नही हुई है। यदि मंदिर पर पुलिस चौकी होती तो रविवार को हुई घटना की फरियादी द्वारा तत्काल शिकायत दर्ज करवा कर सीसीटीवी चेक करवाये जा सकते थे लेकिन पुलिस चौकी के अभाव में उन्हें पुलिस थाना जाकर शिकायत करना पड़ी जिसमें काफी समय बर्बाद हो गया।

पार्किंग की व्यवस्था नहीं, भक्त होते रहते हैं परेशान

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार अथवा अन्य अवकाश के दिन अथवा किसी पर्व विशेष पर भक्तों का मेला लगा रहता है। जिनमें कई राजनेता, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं न्यायिक क्षेत्र के अधिकारी भी शामिल रहते हैं। चूंकि मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने के लिए एकमात्र सड़क मार्ग उपलब्ध है इसलिए लगभग सभी भक्त निजी चौपहिया वाहनों से पहुंचते है। ऐसे में उक्त दिनों में हर समय सैकड़ो चौपहिया वाहन मंदिर पर रहते है। लेकिन मंदिर प्रबंध समिति अथवा प्रशासन द्वारा अभी तक मंदिर परिसर में स्थाई रूप से सर्व सुविधा युक्त पार्किंग स्थल नही बनाये जाने से मुसीबत खड़ी रहती है। वर्षाकाल के इस मौसम में थोड़ी सी बारिश होने पर मां बगलामुखी मंदिर मार्ग की बेहद ही खराब स्थिति हो गई। मंदिर समिति तथा प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। सिद्धपीठ के समीप एक स्थाई पार्किंग स्थल बनाया जावे जिससे वाहन चालक स्वतः ही पार्किंग स्थल पर वाहन खड़ा कर देवे। स्थाई वाहन पार्किंग स्थल हो जाने से यातायात भी प्रभावित नही होगा और बेतरतीब वाहन भी यहाँ वहाँ खड़े दिखाई नही देंगे।

श्रावण सोमवार पर विशेषः ग्राम गोंदलमऊ में गुप्तकालीन अद्भूत शिवलिंग है स्थित

एक शिवलिंग जिस पर उभरी हुई है 1111 शिवलिंग की आकृतियां

एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



श्रावण मास को भगवान शिव की आराधना का विशेष मास माना जाता है। भगवान शिव की आराधना के लिए नगर सहित क्षेत्र में कई प्राचीन चमत्कारीक व अद्भूत शिवालय स्थित है। जिनमें ग्राम गोंदलमऊ में शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग जिस पर 1111 शिवलिंगों की आकृतियॉ उभरी हुई है जो कि शिवभक्तों की आराधना का प्रमुख स्थल बना हुआ है। नलखेडा से दक्षिण दिशा में 16 किमी दूर तहसील के ग्राम गोंदलमऊ के शिवमंदिर में स्थापित यह शिवलिंग गुप्तकालीन है। श्रावण मास में यहां शिवभक्तों का मेला लगा रहता है जो भगवान भोलेनाथ की विशेष साधना-आराधना कर उन्हे जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बिल्व पत्र चढाते हैं। ऊची पहाड़ी पर बसे इस मंदिर के समीप अति प्राचीन बावडी व धर्मशाला के अवशेष आज भी मौजूद हैं। मंदिर के समीप सैकडों वर्ष प्राचीन एक विशाल नैसर्गिक तालाब भी है जो 350 बीघा से भी अधिक भूमि पर फैला हुआ है। इस शिवलिंग के चमत्कार के किस्से यहां के बुजुर्गों की जुबान पर आज भी है। एक चमत्कार यहां आज भी होता है। श्रावण मास व महाशिवरात्रि पर इस शिवलिंग की आराधना करने पंचमुखी नागदेवता यहां आते हैं। ग्रामवासियों ने बताया कि प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के दिन रात्रि के समय में व श्रावण मास में एक बार पंचमुखी सफेद नागदेव भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए यहां आते हैं । इन नागदेवता के दर्शन भी किसी बिरले शिवभक्त को ही होते हैं। नागदेव के दर्शन करने वाले मंदिर के पुजारी ने बताया कि नागराज आकर शिवलिंग पर लिपट जाते हैं व अपनी साधना पूर्ण कर अदृश्य हो जाते हैं।

प्रदेश में है एकमात्र शिवलिंग

बताया जाता है कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में यह एकमात्र ऐसा शिवलिंग है जिस पर 1111 शिवलिंग की आकृतियां उभरी हुई है जिन्हे आज भी स्पष्ट देखा जा सकता है। यह शिवलिंग लाल पत्थर का बना हुआ है। ऐसा ही एक शिवलिंग राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चंद्रभागा नदी के किनारे स्थापित है।

कई दंपतियों को मिला है वरदान

इस चमत्कारीक शिवलिंग पर एक बार अभिषेक करने से 1111 बार अभिषेक करने का लाभ भक्तों को प्राप्त होता है। पुजारी श्री नागर ने बताया कि यहां निःसंतान दंपति संतान प्राप्ति की मन्नत मांगते हैं जोकि पूरी होती है। ऐसे सैकडों परिवारों को भगवान भोलनाथ की कृपा से संतान प्राप्त हो चुकी है। आसपास के क्षैत्रों के अलावा देश के कई प्रांतों से यहां भक्त आते हैं और मन्नत मांगते है। मन्नत पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन करते हैं।

खुदाई में निकलते हैं पुरातन अवशेष

ग्राम गोंदलमऊ ऊंची पहाडी पर बसा हुआ ग्राम है जिसका इतिहास पुरातन माना जाता है। किंवदंतीयों के अनुसार पुराने समय में यहां कोई तीर्थ स्थान रहा होगा,जो धूलकोट आने पर दब गया होगा। इसी काराण यहां खुदाई के दौरान पुरातन महत्व के अवशेष निलकते रहते हैं। वर्षों पूर्व एक स्थान की खुदाई के दौरान जैन धर्म की कई प्राचीन मूर्तियों के अवशेष भी निकले थे जो आज भी उज्जैन के जयसिंहपुरा स्थित जैन समाज के संग्रहालय में रखी हुई है। महादेव मंदिर के समीप मौजूद बावडी व धर्मशाला के अवशेष भी उसी समय के प्रतित होते हैं। यदि यहां पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई की जावे तो युगों पूर्व की संस्कृति के अवशेष मिल सकते हैं।

कलेक्टर सिंह ने मंदसौर शहर में विकास कार्यों का निरीक्षण किया



मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा मंदसौर शहर में निर्माण अधीनस्थ कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए की कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण पूर्ण करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह निर्देश दिए की निर्माण कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें एवं कार्य समय से पूरा करें। इस दौरान उन्होंने शिवना नदी किनारे निर्माण सिंहस्थ कार्य का निरीक्षण व नालछामाता मंदिर रोड का निरीक्षण, अटल सागर बांध (काला भाटा), रामघाट बैराज पर निर्माणाधीन नवीन फिल्टर प्लांट, अलावदाखेड़ी रोड स्थित निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा तेलिया तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों, इंजीनियरों एवं ठेकेदारों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर गुणवत्ता, समय-सीमा एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

तहसील कार्यालय का करेंगे घेराव

विभिन्न समस्याओं को लेकर किया जाएगा आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

भारतीय किसान संघ तहसील इकाई नलखेड़ा की मासिक बैठक रविवार को तहसील अध्यक्ष नारायण सिंह जोधा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला जैविक प्रमुख नंदकिशोर पाटीदार ने मुख्य विषय मेरा गांव मेरे दो गांव पर समस्त तहसील पदाधिकारी को मार्गदर्शित करते हुवे कहा कि उक्त अभियान पर सभी को काम करना है। हमारे संगठन की रीति नीति, संगठन की कार्य पद्धति एवं संगठन विस्तार विषय पर जिला अध्यक्ष रामनारायण तेजरा द्वारा प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि हर एक कार्यकर्ता को सिर्फ मेरा गांव मेरे दो गांव की सबसे ज्यादा चिंता करना है, ग्राम समितियां बनाना है। बैठक में बीमा कंपनी, बिजली विभाग, राजस्व से संबंधित समस्याओं के खिलाफ आंदोलन की दिनांक तय की गई। हजारों की संख्या में किसान तहसील कार्यालय का घेराव आने वाली 10 अगस्त को करेंगे। बैठक में जिला युवा प्रमुख उमेश पाटीदार, जिला कार्यालय मंत्री जगदीश पाटीदार, जिला मंत्री रामनारायण गुर्जर आदि रहे मौजूद।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने सीतामऊ मंडल में किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के निर्देशानुसार सीतामऊ मंडल के ग्राम रावटी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली बढ़ाने तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का संकल्प लिया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा पिछडा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष नंदू कुमावत ने कहा कि एक पेड़ माँ के नामह्न अभियान मातृ सम्मान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का प्रेरणादायी अभियान है, जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता की सहभागिता आवश्यक है। सीतामऊ मंडल अध्यक्ष जितेंद्र बामणिया ने कहा कि हर पौधा भविष्य की हरियाली और जीवन का आधार है। हम सभी को इसे जन-आंदोलन बनाना चाहिए। कार्यक्रम जिला प्रभारी राजेश चौहान ने कहा कि माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने का सबसे सुंदर माध्यम एक पौधा लगाना और उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना है। प्रकृति की सेवा ही समाज की सच्ची सेवा है। कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मिथुन वफ्ता, भाजपा मंडल पदाधिकारी प्रशांत चतुर्वेदी, घनश्याम राठौर, दिनेश वर्मा, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खेमराज परमार, महामंत्री दशरथ सोलंकी, मंगलेश पाटीदार, जनपद सदस्य विष्णु पाटीदार, संजय पाटीदार, मांगीलाल जी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), राजकुमार गुप्ता, सुरेश पाटीदार,, , बालमुकुंद पाटीदार, बालमुकंद (बूथ अध्यक्ष) सहित समस्त भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री प्रशांत चतुर्वेदी ने किया।

सावन में शिवना घाटों को साफ व स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारीः विधायक

नदी से एक ट्रॉली कचरा व गाजर घांस हटाई गई





मंदसौर। सावन के महीने में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन करने व शिवना नदी में स्नान करने के लिए बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं आ रहे हे उसको देखते हुए श्रमदानियों द्वारा रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 136वें दिन घाटों की विशेष सफाई की गई। अभियान के तहत नदी से एक ट्रॉली प्लास्टिक कचरा व गाजर घास निकालकर घाटों को स्वच्छ बनाया गया। रविवार सुबह 7 बजे विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में समाजसेवियों, युवाओं, महिलाओं और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर के निकट शिवना घाटों पर श्रमदान किया। श्रमदानियों ने घाटों को पानी से साफ किया गया। वही वर्षा के दौरान बहकर आई जलकुंभी हटाई तथा नदी किनारे फैली गाजर घास, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट को साफ किया। इससे घाटों का वातावरण पहले की तुलना में अधिक स्वच्छ और आकर्षक दिखाई दिया। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि सावन माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान और पूजा-अर्चना के लिए शिवना घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में घाटों की स्वच्छता बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नदी में कचरा न डालें और शिवना को स्वच्छ, सुंदर एवं निर्मल बनाए रखने में अपना सहयोग दें। साथ ही प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में अधिक से अधिक लोगों से श्रमदान करने का आह्वान किया। अभियान में विधायक विपिन जैन के साथ समाजसेवी रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, हेमराज खाबिया, बालकृष्ण दवे, शांतिलाल मेमावत, पंकज जैन, कैलाश कुमावत (अमलावद), गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय एवं रामप्रसाद मालवीय (सगरा, दलौदा), महिला प्रतिनिधि रफत पयामी, इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला तथा कांग्रेसजनों में राजेंद्र सेठिया, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, विश्वास दुबे, संजय नाहर, सुभाष जैन, अजय सोनी, महेश गुप्ता, राकेश सेन, जयेश पालीवाल, अकरम खान, आमीन खान, गणपत कुमावत, संजय आदि रहे मौजूद।

जैन समाज में हुआ धार्मिक आयोजन, भक्तों की उमड़ी भीड़

भगवान चन्द्रप्रभु का सुगंधित औषधि युक्त जल के साथ अभिषेक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



स्थानीय चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिरजी में रविवार को लाभार्थी परिवारों के साथ समाज जनों द्वारा मूलनायक परमात्मा का सुगंधित औषधि युक्त जल के साथ 5 द्रव्य से भक्तिमय शक्रस्तव अभिषेक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज जनों द्वारा भाग लिया गया। स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य कलिकुण्ड तीर्थो धारक प.पू.गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 की प्रेरणा तथा पावन निश्रा में रविवार को जैन मंदिर के मूलनायक परमात्मा चन्द्रप्रभु भगवान का लाभार्थी परिवारों तथा समाजजनों द्वारा सुगंधित औषधि युक्त जल के साथ 5 द्रव्य

वासक्षेप, केशर,दही, दूध, पुष्प से सगीतमय रूप से अभिषेक किया गया तथा आरती की गई। शक्रस्तव अभिषेक में भगवान का प्रथम वासक्षेप से अभिषेक, द्वितीय केसर से अभिषेक करने के साथ परमात्मा का जल व अष्टप्रकारी पूजा करने, शक्रस्तव अभिषेक मैं संपूर्ण आरती के लाभार्थी कैलाशचंद, प्रेमचंद, प्रकाशचंद, प्रितेश कुमार फाफरिया परिवार रहा। शक्रस्तव अभिषेक मैं तीसरे द्रव्य दही से अभिषेक करने के लाभार्थी जैन सोशल ग्रुप यूनिक के सदस्य रहे। चतुर्थ द्रव्य दूध से अभिषेक करने के लाभार्थी प्रेमचंद जितेंद्रकुमार सकलेचा परिवार रहा। भगवान का पांचवे द्रव्य के रूप में पुष्प से अभिषेक करने का लाभ सागरमल बागमल तातेड परिवार द्वारा लिया गया। जैन समाज में हुए इस धार्मिक आयोजन में प्रभु भक्ति का रंग जमाने के लिए संगीतकार यश वागरेचा एंड पार्टी मंदसौर से पधारें जिनके द्वारा साध्वी मंडल की उपस्थिति में सगीतमय अभिषेक विधि विधान एवं मंत्रोंचार के साथ कराया गया। अभिषेक उपरांत प्रभावना में भाता का वितरण किया। अभिषेक के इस धार्मिक कार्यक्रम में समाज के श्रावक और श्राविकाओ द्वारा भाग लेकर भक्ति भाव के साथ परमात्मा का अभिषेक किया गया।



बाल शिविर का हुआ आयोजन

प.पू. साध्वी राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में चातुर्मास के दौरान प्रत्येक रविवार को धार्मिक बाल शिविर का आयोजन समाज द्वारा किया जावेगा। इसमें 5 वर्ष से लगाकर 12 वर्ष तक के बच्चों द्वारा भाग लिया जाएगा। जिन्हें साध्वी मंडल द्वारा जैन धर्म संबंधी विशेष जानकारी शिविर के माध्यम से प्रदान की जावेगी। प्रथम शिविर 2 अगस्त को आयोजित किया गया जिसके लाभार्थी श्रीमती संगीता प्रकाशजी फाफरिया परिवार रहे। अगला शिविर 9 अगस्त रविवार को आयोजित किया जा रहा है।

खबर संक्षेप

मंडी में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाएं

देवास। सब्जी एवं फल मंडी में चोरी की लगातार बढ़ती घटनाओं ने व्यापारियों और खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि मंडी प्रशासन को अब लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को बार-बार सतर्क करना पड़ रहा है। मंडी में आने वालों से अपने मोबाइल, पर्स और दोपहिया वाहनों का विशेष ध्यान रखने की अपील की जा रही है, क्योंकि यहां चोर सक्रिय हैं। मंडी में तैनात सुरक्षा गार्ड के मुताबिक, रविवार को सबसे अधिक भीड़ होने के कारण चोरी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। औसतन हर रविवार 2 से 3 मोबाइल, 2 से 3 पर्स और 1 से 2 दोपहिया वाहन चोरी होने की शिकायतें सामने आती हैं। इसी वजह से पूरे दिन लगातार अनाउंसमेंट कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। मंडी प्रशासन लोगों से अपील कर रहा है कि वे अपने मोबाइल और पर्स सुरक्षित रखें, दोपहिया वाहनों को लॉक करके ही खड़ा करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत सुरक्षाकर्मियों या पुलिस को दें। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। व्यापारियों और खरीदारों का कहना है कि रविवार को भारी भीड़ रहती है, इसलिए अतिरिक्त पुलिस बल और निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि चोरों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और लोग सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें।

विकसित भारत संकल्प अभियान का प्रसारण

देवास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देवास जिले में भी देखा गया। देवास जिला युवा अधिकारी तारा पारगी ने बताया कि देवास में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन एवं अभियान के शुभारंभ का सीधा प्रसारण देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में युवाओं एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा देखा गया। इस अवसर पर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने उपस्थित युवाओं को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया।तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण जयेश पड़ियार ने दिया। उन्होंने युवाओं को नशा मुक्ति अभियान से जुड़ने आह्वान किया।

श्रावण मास विशेष : मध्यप्रदेश का अनूठा मंदिर, जहां भगवान से पहले होती है भक्त की पूजा

शिवभक्त भंवरसिंह ने ली थी समाधि, तभी से पहले भक्त भंवरनाथ और फिर भगवान मनकामेश्वर के होते हैं दर्शन











भंवरनाथ जी की समाधि के समीप ही भगवान मनकामेश्वर का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर में विराजित शिवपिंडी को लेकर भी स्थानीय स्तर पर एक रोचक और श्रद्धा से जुड़ी मान्यता प्रचलित है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

मालवा की धरती पर प्रकृति की गोद में बसा भौरासा नगर अपने भीतर इतिहास, आस्था और आध्यात्मिकता की अनूठी विरासत समेटे हुए है। देवास जिले से करीब 16 किलोमीटर दूर और भोपाल रोड से लगभग दो किलोमीटर अंदर स्थित यह नगर चारों ओर हरियाली, प्राचीन आम-जामुन के पेड़ों और पहाड़ियों से घिरा है। रानी दमयंती तालाब के किनारे स्थित बाबा भंवरनाथ जी महाराज का प्राचीन मंदिर यहां की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र है। इस मंदिर की सबसे अनूठी परंपरा यह है कि यहां श्रद्धालु भगवान मनकामेश्वर के दर्शन से पहले उनके परम भक्त बाबा भंवरनाथ महाराज की समाधि पर नमन करते हैं। स्थानीय मान्यता के अनुसार मध्यप्रदेश में यह ऐसा अनूठा धार्मिक स्थल है, जहां भक्त की पूजा के बाद भगवान की पूजा की जाती है।

भक्त की साधना से पड़ा भंवरासा नाम

स्थानीय बुजुर्गों और मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार वर्षों पहले भगवान शिव के परम भक्त भंवरसिंह यहां आए और इसी चैतन्य स्थल पर साधना करने लगे। लंबे समय तक तपस्या करने के बाद उन्होंने यहीं जीवित समाधि ले ली। भक्तों ने उनकी समाधि स्थल पर गुफा का निर्माण कराया, जो आज भी मौजूद है। भंवरनाथ जी की समाधि के समीप ही भगवान मनकामेश्वर का प्राचीन मंदिर स्थित है। मंदिर में विराजित शिवपिंडी को लेकर भी स्थानीय स्तर पर एक रोचक और श्रद्धा से जुड़ी मान्यता प्रचलित है। कहा जाता है कि मुगल शासक औरंगजेब ने भौरासा में लूटपाट और विध्वंस के दौरान भगवान मनकामेश्वर की शिवपिंडी पर गंडासे से प्रहार किया था। स्थानीय मान्यता के अनुसार प्रहार के बाद शिवपिंडी से रक्त और दूध की धारा निकलने लगी। यह दृश्य देखकर औरंगजेब घबरा गया और वहां से चला गया। श्रद्धालुओं का कहना है कि गंडासे के प्रहार का निशान आज भी शिवपिंडी पर दिखाई देता है। हालांकि इस घटना से जुड़े विवरण स्थानीय धार्मिक मान्यताओं और जनश्रुतियों पर आधारित हैं।

राजा नल, रानी दमयंती से भी जुड़ी है मान्यता

भौरासा के इतिहास में राजा नल और रानी दमयंती की कथा भी जुड़ी हुई है। स्थानीय मान्यता के अनुसार जुए में अपना राज्य और संपत्ति गंवाने के बाद वनवास के दौरान राजा नल और रानी दमयंती यहां आए थे। नगर और मंदिर की प्राकृतिक सुंदरता से प्रभावित होकर उन्होंने यहां कुछ समय बिताया। कहा जाता है कि रानी दमयंती के नाम पर मंदिर के समीप विशाल तालाब और राजा नल के नाम पर नगर से करीब पांच किलोमीटर दूर एक अन्य तालाब का निर्माण कराया गया। बारिश के दिनों में दोनों तालाबों का पानी आपस में मिलने की बात भी स्थानीय लोग बताते हैं। इन दोनों जलाशयों को आज भी नल-दमयंती की प्रेम और विश्वास की कथा से जोड़ा जाता है।

विक्रमादित्य, मराठा शासकों से जुड़ा इतिहास

मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर भी कई ऐतिहासिक मान्यताएं प्रचलित हैं। स्थानीय जानकारी के अनुसार राजा विक्रमादित्य सहित मराठा और परमार शासकों के समय में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया गया था। मंदिर परिसर में एक प्राचीन सिद्ध कुंड भी बताया जाता है। श्रद्धालुओं की मान्यता है कि इसमें स्नान करने से कई प्रकार की असाध्य बीमारियां दूर होती हैं। हालांकि वर्तमान में देखरेख के अभाव में यह कुंड जीर्ण अवस्था में पहुंच गया है।

सावन में होता है विशेष श्रृंगार

श्रावण मास में मनकामेश्वर मंदिर की रौनक देखते ही बनती है। मंदिर में प्रतिदिन भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाता है और सूखे मेवों तथा भांग से विशेष श्रृंगार किया जाता है। हर सोमवार को भगवान भोलेनाथ की सवारी नगर भ्रमण पर निकलती है। अखाड़ों, बैंड-बाजों और श्रद्धालुओं के साथ निकलने वाली यह सवारी पूरे नगर में भक्ति का माहौल बना देती है।

2013 से लगातार हो रहा रामायण पाठ

भौरासा के बाबा भंवरनाथ जी महाराज मंदिर परिसर में पिछले करीब 12-13 वर्षों से लगातार रामायण पाठ हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार 23 जुलाई 2013 को एक संत-महात्मा की प्रेरणा से सावन माह में एक महीने के लिए रामायण पाठ शुरू किया गया था। किसी ने नहीं सोचा था कि एक महीने के लिए शुरू किया गया यह धार्मिक आयोजन वर्षों तक लगातार चलता रहेगा। लेकिन ग्रामीणों की आस्था और भक्ति के चलते आज भी रामायण पाठ निरंतर जारी है। गांव के लोग खेती-किसानी के व्यस्त कार्यों के बीच समय निकालकर बारी-बारी से रामायण पाठ में शामिल होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस पाठ के लिए न कोई अध्यक्ष है और न कोई औपचारिक समिति। उनका विश्वास है कि यह पूरा आयोजन हनुमान जी महाराज की कृपा से निरंतर चल रहा है।

सावन में नेवरी फाटा धाम में गूंज रहे वैदिक मंत्र, शिव मंदिर में प्रतिदिन मंत्रोच्चार के साथ किया जा रहा दिव्य अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नेवरी फाटा

सावन के पावन माह में श्री खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटा धाम श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है। मंदिर परिसर में स्थापित श्री नर्मदेश्वर महादेव का प्रतिदिन विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दिव्य अभिषेक किया जा रहा है। प्रसिद्ध वैदिक आचार्य पंडित विजेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में प्रतिदिन भगवान शिव का अभिषेक एवं पूजन-अर्चन संपन्न कराया जा रहा है। सावन मास में भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दूर से नेवरी फाटा धाम पहुंच रहे हैं और श्री नर्मदेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्यता एवं मंगलमय जीवन की कामना कर रहे हैं। अभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान शिव के जयकारों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालु पूरे भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना एवं आरती में शामिल होकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से सावन माह के दौरान प्रतिदिन आयोजित होने वाले श्री नर्मदेश्वर महादेव के दिव्य अभिषेक एवं आरती में शामिल होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने और पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।



ईपीएस पेंशनरों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश औद्योगिक पेंशनर संघ ने प्रदेशव्यापी अभियान के तहत रविवार को देवास-शाजापुर सांसद के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पहुंचकर ईपीएस-1995 पेंशनरों की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा संघ कार्यवाहक अध्यक्ष शशिकांत वझे ने बताया कि प्रदेश के आव्हान पर देशभर में सांसदों को ज्ञापन देकर ईपीएस-1995 पेंशनरों को न्याय दिलाने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में देवास-शाजापुर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी को ज्ञापन सौंपकर पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराया गया। माखन सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल शर्मा, महामंत्री पदमाकर जोशी ने कहा कि वर्ष 2021 में लोकसभा और राज्यसभा में ईपीएस-1995 पेंशनरों की पेंशन वृद्धि का मुद्दा कई सांसदों ने उठाया था।

उनका दावा है कि न्यूनतम एक हजार रुपये पेंशन की घोषणा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2014 से पहले न्यूनतम तीन हजार रुपये पेंशन और उसे महंगाई भत्ते (डीए) से जोडऩे का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक इसे लागू नहीं किया गया। संघ ने यह भी कहा कि विभिन्न सांसदों ने संसद में ईपीएस-1995 पेंशन वृद्धि का मुद्दा लगातार उठाया है, लेकिन पेंशनरों को अब तक राहत नहीं मिल सकी। ज्ञापन में मांग की गई है कि केंद्र सरकार चालू संसद सत्र में ईपीएस-1995 पेंशनरों की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने और उसे महंगाई भत्ते से जोडऩे की घोषणा करे। अन्यथा पेंशनरों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। संघ के सदस्यों की समस्या सुनने के बाद सांसद सोलंकी ने आश्वासन दिया कि वें उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचाएंगे और शीघ्र पूरा करने का अनुरोध करेंगे।

जय श्री महांकाल सेवा समिति द्वारा महा जलाभिषेक यात्रा 16 को

तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न, सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जय श्री महांकाल सेवा समिति द्वारा आगामी 16 अगस्त को निकाली जाने वाली महा जलाभिषेक यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति की बैठक रविवार को मेंढकी रोड भारत माता चौराहा स्थित हरि वृंदावन गार्डन में सम्पन्न हुई। समिति के जयदेव सिंह पंवार एवं कपिल यादव ने बताया कि समिति का ये 13वां वर्ष है, जिसमें शिवभक्त एवं कावडीए बडी संख्या में सहभागिता करते आ रहे हैं। यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा के लिए सभी कावडिय़ों, भगवान भोलेनाथ के भक्तों एवं समिति के सदस्यों ने बैठक में उपस्थित होकर अपने सुझाव साझा किए।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से समिति अध्यक्ष पवन सिंह पंवार, उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल एवं कोषाध्यक्ष शांतिलाल तिवारी को मनोनीत किया गया। साथ ही बैठक में उपस्थित सदस्यों को भी यात्रा की अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। सदस्यों ने पर्यावरण के लिए नए सुझाव दिए गए, जिस पर समिति काम करेगी। समिति ने व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी श्रद्धालुओं से दो कतारों में चलने तथा यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया गया। साथ ही ग्रामीणांचल से सदस्यों को प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर भी वितरीत किए गए।

यात्रा क्षिप्रा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बिलावली स्थित महाकाल मंदिर पहुंचेगी, जहां बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी का आयोजन होगा। समिति श्रद्धालु जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रा में शामिल होने की अपील की है। इस दौरान संदीप सूर्यवंशी, संतोष गौड़, मुकेश प्रजापति, राजेंद्र चौधरी नंदकिशोर पांचाल, जगदीश स्वामी, योगेंद्र सिंह राजपूत, ईश्वर सिंह तोमर, लाखन चौधरी, मुकेश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

आउटसोर्स कर्मचारियों की महारैली भोपाल रवाना



देवास। भारतीय मजदूर संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर भोपाल के अंबेडकर मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय आउटसोर्स कर्मचारियों के महा आंदोलन में शामिल होने के लिए देवास जिले से हजारों श्रमिकों को भारतीय मजदूर संघ का ध्वज दिखाकर रवाना किया। देवास कर्मचारी आउटसोर्स बिजली संघ जिलाध्यक्ष कुलदीप राजपूत ने बताया कि जिले कन्नौद, खातेगांव, सोनकच्छ, बागली और हाटपिपल्या सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारी आंदोलन में भाग लेने के लिए भोपाल बायपास स्थित सिद्धि विनायक रेस्टोरेंट के समीप आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश कंस्ट्रक्शन मजदूर महासंघ के प्रदेश महामंत्री एवं ठेका मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष लोकेश विजयवर्गीय, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़, जिला मंत्री महेंद्र सिंह परिहार तथा राजू लोधी ने भारतीय मजदूर संघ का ध्वज दिखाकर सभी कर्मचारियों को भोपाल के लिए रवाना किया। जिलाध्यक्ष धनंजय गायकवाड़ ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह महा आंदोलन आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़ रहे हैं और भारतीय मजदूर संघ उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। इस दौरान प्रमुख रूप से संजय चौधरी, जितेंद्र सिंह, लोकेश सेन, अजय बेस, रामलखन अजमेरी, नीरज गोलावतिया, योगेंद्र पिपले, विजेंद्र जसोना, पुष्पेंद्र सिंह, जीवन सिंह मेहरा, महेंद्र पटेल, धीरज प्रजापति, अर्जुन बामनिया, गिरीष शर्मा, राहुल जाट एवं राजेंद्र राणा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

पुलिस ने 110 गुम मोबाइल बरामद कर लौटाए

ललितपुर। जिला की पुलिस ने जुलाई माह के दौरान गुम एवं खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए गए विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 110 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को वापस सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेयी के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के पर्यवेक्षण में सभी थाना प्रभारियों को गुम मोबाइल फोन की अधिकतम बरामदगी के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। अभियान के तहत जनपद के सभी थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क और सर्विलांस सेल में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के आधार पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज की गई। इसके बाद संबंधित थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने आवेदकों द्वारा उपलब्ध कराए गए अभिलेखों का परीक्षण कर भारत सरकार के पोर्टल पर मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर अपलोड किए। संबंधित एजेंसियों से प्राप्त डाटा के विश्लेषण एवं सत्यापन के बाद पुलिस ने जुलाई माह में कुल 110 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द कर दिया।

खेत से सोलर पंप की चार प्लेटें व कंट्रोलर चोरी

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक किसान के खेत में लगे सरकारी सोलर पंप को निशाना बनाते हुए उसकी चार सोलर प्लेटें और कंट्रोलर चोरी कर लिया। घटना के बाद किसान ने काफी तलाश की, लेकिन चोरी हुए उपकरणों का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खिरकापुरा निवासी हनुमत सिंह पुत्र स्व.नंदलाल कुशवाहा का बाईपास रोड पर खेत है। खेत में सिंचाई के लिए शासन की योजना के अंतर्गत 3 एचपी क्षमता का सोलर पंप स्थापित कराया गया था। आरोप है कि 23 जुलाई की मध्यरात्रि अज्ञात चोर खेत में पहुंचे और सोलर पंप की चार सोलर प्लेटें तथा कंट्रोलर खोलकर चोरी कर ले गए। अगली सुबह खेत पर पहुंचने पर किसान को चोरी की जानकारी हुई।

उधार रुपए नहीं दिए दुकानदार पर हमला

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पटसेमरा में उधार रुपये देने से मना करने पर एक युवक ने किराना दुकानदार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दुकानदार का दाहिना हाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को डायल-112 पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसके हाथ में 22 टांके लगाए गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पटसेमरा निवासी मानवेन्द्र सिंह पुत्र कुम्मेर सिंह गांव में किराने की दुकान संचालित करता है। शनिवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव का ही बोबी राजा पुत्र हरनाम सिंह दुकान पर पहुंचा और उससे पांच हजार रुपये उधार मांगे। मानवेन्द्र ने रुपये देने से मना कर दिया, जिससे नाराज होकर आरोपी गाली-गलौज करने लगा। धमकी दी और अपने घर चला गया। कुछ देर बाद वह कथित रूप से धारदार हथियार लेकर आया हमला कर दिया।

सांसद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन

सौ समस्याओं का एक निदान, पृथक बुंदेलखंड प्रांतः बुंदेलखंड विकास सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बुंदेलखंड विकास सेना के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने केन्द्रीय प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में स्थानीय सांसद कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके सांसद प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता स्थानीय कंपनी बाग में एकत्र होकर जलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए सिविल लाइन स्थित सांसद कार्यालय पहुंचे। यूपी - एमपी तोड़ दो,और बुन्देलखण्ड जोड़ दो तथा सौ समस्याओं का एक निदान, पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त के गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। बुंदेलखंड विकास सेना ने ज्ञापन के माध्यम से झांसी ललितपुर के सांसद अनुराग शर्मा से मांग की है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत संसद को नए राज्य के गठन तथा राज्यों की सीमाओं के पुनर्गठन का अधिकार प्राप्त है। अतः हमारा विनम्र आग्रह है कि उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड अंचल का पुनर्गठन कर एक पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त का गठन किया जाए। इस बाबत वर्तमान में चल रहे मानसून सत्र में प्रस्ताव पारित कराया जाये।

बुंदेलखंड विकास सेना की मांग

ज्ञापन में मांग की गई बुंदेलखंड विकास सेना पिछले 25 वर्षों से गांधीवादी एवं लोकतांत्रिक तरीके से पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त की मांग उठाती आ रही है। बुन्देलखण्ड का विभाजित प्रशासनिक स्वरूप इसके समग्र विकास में सबसे बड़ी बाधा है। क्षेत्र आज भी उद्योगों के अभाव, बेरोजगारी, पलायन, जल संकट, सिंचाई की कमी, सूखा-बाढ़, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली एवं पेयजल जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। महारानी लक्ष्मीबाई, गोस्वामी तुलसीदास, राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, मेजर ध्यानचंद तथा बाबू वृन्दावनलाल वर्मा जैसी महान विभूतियों की यह पावन भूमि आज भी उपेक्षा का दंश झेल रही है। पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त का गठन क्षेत्रीय असंतुलन दूर करने, प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने तथा समग्र एवं संतुलित विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख टीटू कपूर ने कहा कि अनुराग शर्मा झांसीझललितपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद होने के नाते इस जनभावना को वर्तमान सत्र में संसद में प्रभावी ढंग से उठाएँ तथा भारत सरकार से आग्रह करें कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 3 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र को पुनर्गठित कर पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त के गठन की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप बुंदेलखंड की जनता की वर्षों पुरानी इस न्यायोचित एवं लोकतांत्रिक मांग को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि ने भरोसा दिलाया कि सांसद नईदिल्ली पहुंच कर प्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री से बात करके संसद में प्रस्ताव पारित कराकर पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के कार्य को आगे बढ़ायेंगे। ज्ञापन पर बु. वि. सेना के केन्द्रीय महामंत्री महेंद्र अग्निहोत्री, मुकेश मुड़रा, मनोज शर्मा, राजमल बरया, राजीव पटवारी, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, मनोज शर्मा, कामरेड जिनेन्द्र जैन, मगन सोनी, राजा ओमकार सिंह, राजेश भटनागर, काशीराम विश्वकर्मा, संजू राजा, मुन्ना महाराज त्यागी, कदीर खां, विनोद साहू, राजकुमार कुशवाहा, विजय उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार, संजीव जैन,अमरसिंह बुन्देला, गफूर खां, परमानंद विश्वकर्मा, नंदराम कुशवाहा, मुहम्मद फहीम शबनम सुरेन्द्र कुमार, परवेज पठान, डॉ एस. एस. राजपूत, डॉ विवेक साहू, राघवेन्द्र सिंह लोधी, रामस्वरूप राजपूत, रूपसिंह राजपूत, शीतल प्रसाद, भरतसिंह राजपूत, डॉ संजय विश्वकर्मा, मानसिंह राजपूत, अखिलेश राजपूत, कमल विश्वकर्मा, रामसहाय राठौर, लालचंद रजक, खुशाल बरार कमल झा, राजीव साहु, पवन शर्मा, लक्ष्मी अहिरवार, जगदीश झा, अरविंद जैन, रामलाल पटेल, भैय्यन कुशवाहा, पहाड़सिंह, साहिल वाल्मीकि, विनोद चंदेल, प्रमोद धानुक, रामसिंह राजपूत, हनुमत सिंह, परमाल सिंह, अनिकेत सिंह, रामलाल पटेल, सुनील अग्रवाल, प्रदीप श्रीवास्तव, मथुरा प्रसाद मिश्रा आदि के हस्ताक्षर हैं।

ब्रह्माकुमारी संस्थान में प्रेस वार्ता

नशा मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वरदानी भवन रेलवे कॉलोनी में रविवार को नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन स्पंदन के अंतर्गत 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने के लिए व्यापक जनभागीदारी का आह्वान किया गया। केंद्र संचालिका बीके चित्ररेखा दीदी ने बताया कि यह राष्ट्रीय जनजागरण अभियान भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), मिशन स्पंदन तथा माय भारत के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक करना और प्रत्येक नागरिक को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वयं नशामुक्ति की प्रतिज्ञा लेने के साथ-साथ कम से कम 10 अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोडऩे का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की लत से बचाकर ही स्वस्थ, संस्कारित और विकसित भारत का निर्माण संभव है। उपस्थित पत्रकारों ने अभियान की सराहना करते हुए इसे समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया और इसके संदेश को व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। प्रेस वार्ता में दैवीय मीडिया परिवार की पूजा कश्यप, संजना सिंह, महेश वर्मा, विकास सोनी, अमित लखेरा, राहुल साहू खिरिया, बलराम पचौरी, राहुल जैन, रवि चुनगी, शैलेन्द्र गौतम, सुरेन्द्र सिंह, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, अजय नामदेव सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन नशामुक्त, स्वस्थ, संस्कारित एवं विकसित भारत के निर्माण का सामूहिक संकल्प दिलाकर किया गया। अंत में सभी उपस्थितजनों को प्रभु प्रसाद वितरित किया गया।

ईद-मिलादुन्नबी की नई जलसा कमेटी का गठन

शहर पेश इमाम की सदारत में निकालेंगे जुलूस

ललितपुर। ईद-मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर आयोजित होने वाले जलसे और जुलूस को भव्य व अनुशासित तरीके से संपन्न कराने के लिए सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन कर दिया गया है। शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की अध्यक्षता (सदारत) में ईद-मिलादुन्नबी का जलसा आयोजित किया जाएगा जबकि हाजी वसीम उद्दीन और मोहम्मद कलीम को खजांची (कोषाध्यक्ष) की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में पेश इमाम ने सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारियां बांटते हुए जलसे को पूरे अकीदत, अमन और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। यह फैसला शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक की शुरुआत में बीते 26 जुलाई को नदीपुरा स्थित कयामगाह में हुई पिछली बैठक की समीक्षा की गई। बीते 26 जुलाई की बैठक में जिला मुस्लिम एसोसिएशन के कार्यवाहक सदर मोहम्मद असलम कुरैशी ने आगामी ईद-मिलादुन्नबी के जलसे को भव्य और अनुशासित तरीके से कामयाब बनाने के लिए एक नई कमेटी के गठन का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन और समाज के सभी वर्ग जलसे को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। असलम कुरैशी के इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक राय होकर अपनी



सहमति दी, जिसके बाद शहर पेश इमाम ने नई कमेटी के गठन की औपचारिक घोषणा की। जुलूस और जलसे की व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए सदस्यों ने जुलूस के मार्ग, सजावट, लंगर व्यवस्था और अनुशासन बनाए रखने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की। सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए अपने पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया। बैठक में मोहम्मद नसीम, हैदर खान, पार्षद अब्दुल बारी, अब्दुल शकीरा अलीम, इमरान मंसूरी, रज्जब अली शाह खादिम, हबीब बाबूजी, वसीम हुसैन, साहिल, सलमान, विक्की, इमरान गोविंद नगर, इमरान अली नदीपुरा, वसीम मलंग, मोहम्मद राशिद पान वाले, आरिफ बेग, आजाद ठेकेदार, इरफान अहमद, युसूफ खान, साबिर खान, हाजी सागर उद्दीन, मोहम्मद जानी ठेकेदार, हाजी मोहम्मद अली राईन, आमिर खान, अकबर अली आदि मौजूद रहे।

नई पाइपलाइन बनी मुसीबत, कवीर मंदिर वाली गली में जलापूर्ति ठप

लीकेज से बह रहा हजारों लीटर पानी, मोहल्लेवासी बूंद-बूंद को तरसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

गांधी नगर स्थित कवीर मंदिर वाली गली में नई पेयजल पाइपलाइन लोगों के लिए राहत की बजाय परेशानी का कारण बन गई है। पाइपलाइन में हुए लीकेज से प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है, जबकि उसी गली के अधिकांश घरों में नलों से पानी नहीं पहुंच रहा।

जलापूर्ति बाधित होने से मोहल्लेवासियों को पीने के पानी के लिए भी हैंडपंपों का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान तकनीकी खामियों के कारण लाइन में लीकेज हो गया। सुबह जलापूर्ति शुरू होते ही काफी देर तक पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी रहती है। एक ओर



अमूल्य पेयजल नालियों में बह रहा है तो दूसरी ओर लोग एक-एक बाल्टी पानी के लिए परेशान हैं। मोहल्लेवासियों का कहना है कि कई दिनों से घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। कई परिवारों के नलों में पूरी तरह जलापूर्ति बंद है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सुबह-शाम हैंडपंपों पर लंबी कतार लगाकर पानी भरना पड़ रहा है। घरेलू कार्यों के साथ-साथ पीने के पानी की व्यवस्था करना भी बड़ी चुनौती बन गया है। नागरिकों का आरोप है कि समस्या की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। न तो लीकेज की मरम्मत कराई गई और न ही कोई तकनीकी टीम मौके पर पहुंची। इससे लोगों में विभागीय कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार जल संरक्षण और जल है तो कल है जैसे अभियानों के माध्यम से पानी बचाने का संदेश देती है, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण प्रतिदिन हजारों लीटर स्वच्छ पेयजल बर्बाद हो रहा है। उनका कहना है कि यदि समय रहते लीकेज ठीक नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में जल संकट और गहरा सकता है।

मोहल्लेवासियों ने जिला प्रशासन और जल संस्थान से मांग की है कि पाइपलाइन के लीकेज को तत्काल दुरुस्त कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्रवासी सामूहिक रूप से प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

प्रधानमंत्री समेत उच्च अधिकारियों से जांच की मांग

भूमाफिया व राजस्व कर्मियों की मिलीभगत से जमीन हड़पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कस्बा मडावरा की निवासी एवं वर्तमान में इलाइट चौराहा में रह रही भावना जैन पत्नी राजेश कुमार ने भूमाफिया तथा राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर कथित मिलीभगत कर उनकी भूमि से संबंधित मामले में फर्जीवाड़ा करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद अध्यक्ष, झांसी मंडल आयुक्त तथा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। आवेदिका का आरोप है कि कुछ लोगों ने कथित रूप से राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत से हदबंदी वाद संख्या 25/2016 (3443, 2023) में अनियमितताएं



करते हुए लगभग सात वर्ष बाद 24 अगस्त 2023 को फर्जी आदेश पारित करा लिया। उनका कहना है कि इस प्रक्रिया में राजस्व नियमों का पालन नहीं किया गया। भावना जैन का आरोप है कि वाद की सुनवाई के दौरान मृत व्यक्तियों को पक्षकार बनाया गया, जबकि संबंधित पड़ोसियों और मेड़धारकों को पक्षकार नहीं बनाया गया। साथ ही, आवश्यक सरकारी शुल्क भी नियमानुसार जमा नहीं कराया गया। उन्होंने इसे सुनियोजित तरीके से भूमि पर कब्जा करने का प्रयास बताया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल सहित विभिन्न सक्षम अधिकारियों के समक्ष दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ शिकायत प्रस्तुत की, लेकिन संबंधित राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार पांडे तथा लेखपाल द्वारा तथ्यों की अनदेखी करते हुए कथित रूप से गलत एवं भ्रामक जांच आख्या प्रस्तुत कर दी गई। आवेदिका ने अपने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि 24 अगस्त 2023 के कथित फर्जी आदेश की झांसी मंडल आयुक्त स्तर से निष्पक्ष जांच कराई जाए, आदेश को निरस्त किया जाए तथा मामले में संलिप्त पाए जाने वाले राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित भूमाफिया के विरुद्ध विधिक एवं विभागीय कार्रवाई की जाए।

ठेला लगाने के विवाद में दुकानदार पर लोहे की रॉड से हमला, सिर में चोट

आरोपी के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का मुकदमा दर्ज

ललितपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र में ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गेंदालाल पेट्रोल पंप के सामने ठेला लगाने वाले एक युवक पर दूसरे ठेला संचालक ने कथित रूप से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में युवक के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रावतयाना (गोविंद नगर) निवासी निजाम खां पुत्र हुसैन खां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गेंदालाल पेट्रोल पंप के सामने वर्षों से ठेला लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। शुक्रवार शाम करीब चार बजे वह रोज की तरह ठेला लगाए हुए थे। इसी दौरान अजीतापुरा सुभाषपुरा निवासी इकबाल पुत्र मुनीर खां वहां पहुंचा और ट्रांसफार्मर के पास ठेला लगाने को लेकर विवाद करने लगा। निजाम खां ने ट्रांसफार्मर के पास बिजली का खतरा होने का हवाला देते हुए वहां ठेला लगाने से मना किया। इस बात से नाराज होकर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट पर उतारू हो गया। आरोप है कि इकबाल ने पास में रखी लोहे की रॉड उठाकर निजाम खां के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के दौरान मौके पर मौजूद बुढ़वार निवासी प्रतिपाल और गनगौरा निवासी रघुवीर सहित अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को बचाया। आरोप है कि आरोपी मौके से जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गया। घायल को उपचार के लिए भेजा गया।

वैवाहिक विवाद सुलझाने वाले दंपतियों और काउंसलरों का सम्मान

ऑपरेशन जागृति में महिलाओं को जागरूक किया

ललितपुर। रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित सभागार में रविवार को ललितपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के प्रति जागरूक करते हुए पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान में संवाद और काउंसलिंग की अहम भूमिका पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं एवं नागरिकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, महिला हेल्पलाइन, बाल संरक्षण कानूनों तथा महिला अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी।



उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में बिना किसी संकोच के पुलिस एवं संबंधित विभागों से संपर्क करें और उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें। कार्यक्रम में अपराध से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली सहायता, काउंसलिंग और त्वरित पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। साथ ही युवक-युवतियों एवं उनके अभिभावकों को पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए आपसी संवाद, समझदारी और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी गई। इस दौरान काउंसलिंग एवं आपसी सहमति के माध्यम से अपने वैवाहिक विवादों का समाधान कर दोबारा सुखद पारिवारिक जीवन की शुरुआत करने वाले दंपतियों को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने उपहार भेंट कर सम्मानित किया और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट एवं प्रभावी काउंसलिंग कार्य करने वाले काउंसलरों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने में सराहनीय योगदान देने वाली महिला आरक्षियों को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सभी नागरिकों से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

सपा ने जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान किया

अधिवक्ता लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ : नेपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में रविवार को नव निर्वाचित जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। जबकि संचालन नरेंद्र सिंह राजपूत ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट हरदयाल सिंह लोधी रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव एडवोकेट इंद्रपाल सिंह, उदयभान सिंह एवं बादाम सिंह यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एड राजेश देवलिया, महासचिव एड लखन यादव, कोषाध्यक्ष एड अर्चना परमार



सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश बाबू समैया, कनिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकांत दीक्षित, चेतराम निरंकारी, अजय कुशवाहा, सह मंत्री प्रशासन गौरव कुमार सेन, सह मंत्री पुस्तकालय प्रहलाद सिंह, सह मंत्री प्रकाशन भारती सिंह, वरिष्ठ सदस्य मोहम्मद खान, मनीष कुमार नायक, राजाराम खटीक, मनीष कुमार शर्मा, रामकुमार वैष्णो, रमाकांत गोस्वामी, राहुल शुक्ला, अर्जुन कुशवाहा, प्रवेश कुमार शर्मा, पुष्पलता प्रजापति को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि वे अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा करते हुए न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि अधिवक्ता समाज लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और समाजवादी पार्टी सदैव अधिवक्ताओं के सम्मान एवं उनके अधिकारों के साथ खड़ी रही है। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान जिला महासचिव डा. शिशुपाल सिंह लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, सुखदयाल अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल पाल कुमरौल, अनवर खान, एड. तिलक सिंह यादव, भजनलाल कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, जिला सचिव राजेश यादव, एड. पुष्पेन्द्र यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, जिला सचिव हुकुम सिंह यादव, रामनरेश यादव, राजेन्द्र यादव, एड. राजबहादुर सिंह यादव, रवि खटीक, प्रवीण ग्वाला, लाखन यादव रोंडा, गौरव यादव, प्रमोद इमलिया, रविन्द्र कुशवाहा, गौरव यादव, रूचि यादव, शुभि यादव, मूरत सिंह यादव, बलराम अहिरवार, महेन्द्र यादव, राजेश झा, कृष्ण पाल सिंह यादव, महिपाल सिंह, जितेन्द्र यादव, रविकांत श्रीवास, राहुल गंगासागर, प्रदीप सिंह, संतराम सिंह एड, साहिद अली, अमन मंसूरी, नरेन्द्र धानुक, मु. आसिफ, सत्येन्द्र यादव, नवल घावरी, नसीर खान, जितेन्द्र कुशवाहा, सत्येन्द्र यादव, चंद्रपाल यादव एड, तिलक सिंह, अमित यादव आदि मौजूद रहे।

ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट व आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया

राज्य मंत्री टेटवाल ने सिविल अस्पताल का निरीक्षण किया, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रदेश के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने शुक्रवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर का निरीक्षण कर अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, लेबर रूम, ओटी, डायलिसिस यूनिट एवं आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया तथा भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। मरीजों से अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद मंत्री डॉ. टेटवाल ने अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्टाफ की बैठक लेकर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. अंकुर देशवाली ने बताया कि उनकी टीम द्वारा 31 जुलाई को 13 सफल ऑपरेशन किए गए। वहीं डॉ. सरिता यादव ने अस्पताल में संचालित सिजेरियन कक्ष एवं सोनोग्राफी सेवाओं की जानकारी मंत्री को दी। वही मंत्री टेटवाल ने सीबीएमओ डॉ. एन. भीलवारे सहित सभी चिकित्सकों को मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने, समय पर ड्यूटी करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टाफ की समस्याओं की भी जानकारी लेकर आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भाजपा नेता निर्मल जैन,विष्णु पाटीदार सहित अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

हर घर तिरंगा' अभियान की प्रदेश स्तरीय टीम में सह-संयोजक बने मंत्री टेटवाल

भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज. सारंगपुर



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा आगामी हर घर तिरंगा अभियान (9 से 15 अगस्त) के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टीम का गठन किया गया है। इस टीम में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री तथा सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल को सह-संयोजक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। डॉ. टेटवाल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह दायित्व डॉ. टेटवाल के नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति उनके समर्पण का सम्मान है। विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके कुशल मार्गदर्शन में ष्हर घर तिरंगाष अभियान प्रदेशभर में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, सांसद रोडमल नागर सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. टेटवाल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अभियान की सफलता की कामना की।

पौधरोपण व कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए

विधायक ने ग्रामों में वितरित की निशुल्क साइकिलें, छात्राओं से पूछे सामान्य ज्ञान के सवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहन शर्मा ने शनिवार को ग्राम मुंडला बारोल, लश्करपुर एवं कोटरा में आयोजित कार्यक्रमों में छात्राओं को निशुल्क साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान पौधरोपण एवं कन्या पूजन कार्यक्रम भी संपन्न हुए। कार्यक्रम के तहत ग्राम मुंडला बारोल हाईस्कूल में 42, लशकरपुर हायर सेकंडरी स्कूल में 73 तथा कोटरा हाईस्कूल में 48 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। ग्राम मुंडला बारोल के हाईस्कूल परिसर में विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए सामान्य ज्ञान से जुड़े प्रश्न पूछे। उन्होंने छात्रों से मध्य प्रदेश के जिलों की संख्या तथा 9 का पहाड़ा पूछा। विद्यार्थियों द्वारा सही उत्तर दिए जाने पर उन्होंने शिक्षकों की शिक्षण व्यवस्था की सराहना की।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। इस शिक्षा सत्र में नरसिंहगढ़ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 2,000 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 से पहले ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी, लेकिन पिछले वर्षों में गांवों में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों का विस्तार हुआ है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को भी शिक्षा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं।उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य-पुस्तकों, छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ उपलब्ध करा रही है। साथ ही अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील भी की।

कार्यक्रम को जिला भाजपा उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर मीणा, जिला मंत्री सत्येंद्र बना, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र बना एवं डॉ. दिनेश मंडलोई सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर महामंत्री रूप सिंह, गुड्डु जाटव, रामेश्वर नायक, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश दांगी, गंगाप्रसाद चैधरी, ज्वाला प्रसाद बुंदेला, जिला सलाहकार समिति सदस्य दिनेश मीणा, कमल सिंह नागर, बसंत नागर, संजय नागर, विजय यादव, अशोक मीणा, सरपंच राजू नागर, रामदयाल राजपूत, जनपद सदस्य रघुनंदन शर्मा, सुनील डोब्बल, नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, एम.एल. पंथी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश गवली, बीआरसी सुरेंद्र सिंह भदौरिया, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

शिक्षा, व्यापार, विकास हर क्षेत्र में समाज को आगे ले जाना है : कारूलाल सोनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

अभा श्री मेढ़ क्षत्रीय स्वर्णकार समाज रजिस्टर्ड की केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों जयपुर में संपन्न हुई। बैठक अभा अध्यक्ष श्री जगदीश प्रसाद मायछ हैदराबाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के आरंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रजवलन कर महाराज अजमीढ़ की आरती के साथ हुआ। प्रारंभ में अतिथि श्री जगदीशप्रसाद मायछ हैदराबाद, उपाध्यक्ष कारूलाल सोनी मंदसौर, दुलीचंद जी मौसूण पीपाड़ सीटी जिला जोधपुर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सज्जनलालजी लावट हिसार हरियाणा का शॉल श्रीफल दुपट्ट औढाकर स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत उद्बोधन मातादीन कटाथला जयपुर ने दिया जिसके बाद अभा महामंत्री दुलीचंद जी मौसूण ने गुजरात के डोबरा में हुई बैठक का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष जगदीश चंद्र हैदारबाद ने पुष्कर जी में बन रही समाज की विशाल अजमीढ भवन के बारे में जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और मंदसौर के प्रसिद्ध समाजसेवी कारूलाल सोनी ने कहा कि समाज निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। पुष्कर जी में निमार्णाधीन अजमीढ भवन विशाल आकार ले रही है यह हम सभी के लिए गौरवान्वित पल है। अजमीढ भवन का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। द्वितीय चरण अब चल रहा है। आपने कहा कि हम सभी को एकजुट होकर आगे बढना है शिक्षा, व्यापार, विकास हर क्षेत्र में समाज को आगे ले जाना है और यह आप सभी के सहयोग के ही संभव है। बैठक में सोनी ने उपस्थित सभी समाजजनों से मप्र के उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ में मप्र पधारने का निवेदन किया है। बैठक में विभिन्न प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जिसमें गुजरात प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जी सगवाल लिमढ़ी गुजरात, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष बंजरंगलाल जबड़ा, मप्र अध्यक्ष मुकेश जी सोनी पचोर सहित हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़ आदि प्रदेश के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। बैठक में मप्र युवा ईकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रतीक सोनी मंदसौर भी सम्मिलित हुए। बैठक में जानकारी दी गई कि महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित महाकुंभ में पूरे देश से आने वाले स्वर्णकार समाज के बंधुओं के लिए भोजन, निवास की निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म...

सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ ने जिला चिकित्सालय में भेंट कीं बेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सेवा ही सबसे बड़ा उपहार है की भावना को चरितार्थ करते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाज सेवी नरेंद्र मारू के जन्मदिन के पावन अवसर पर एक अनुकरणीय पहल की गई। मानव सेवा और जनकल्याण के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिला चिकित्सालय के शिशु वार्ड में मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा के लिए बैठने हेतु बेंच भेंट की गईं। पूर्व महामंत्री शशि मारू के हाथों संपन्न हुए इस कार्य ने समाज में संवेदनशीलता, करुणा और सेवा भाव का एक नया संदेश दिया है।

महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता ने बताया कि अस्पताल परिसर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के दौरान मरीजों के परिजनों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह बेंच समर्पित की गईं, जिससे लंबे समय तक इलाज के लिए रुकने वाले लोगों को बैठने की सुगमता मिल सके। इस पुनीत कार्य के लिए महिला प्रकोष्ठ मारू परिवार सराहना व अनुमोदना करता है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महामंत्री शशि मारू की ओर से उपस्थित सदस्यों के लिए तीन विशेष लकी ड्रा भी निकाले गए। इस प्रतियोगिता में श्वेता भाटिया, अंशिता नाहर एवं पूर्व महामंत्री इंदिरा रांका विजेता रहीं, जिन्हें सभी उपस्थितजनों ने बधाई दी। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की पूर्व महामंत्री जमना बाफना एवं इंदिरा रांका, महामंत्री विनाली मेहता, मंत्री पूर्णिमा चौरड़िया, सह मंत्री श्वेता भाटिया, आशा जेतावत, अंशिता नाहर, किरण जैन आदि सदस्यायें उपस्थित रहीं।

वर्षा की अमृत बूंदों को संग्रहित करें...

जलसंकट के साथ ही खारे पानी की समस्या से मुक्ति पाएंः सुरेश सावरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

प्रभु कितना दयालु है, कितना कृपालु है कि वह अमृत रूपी वर्षा जल हमारी छत पर उपलब्ध कराता है। लेकिन हमारी नासमझी देखिए कि हम उसे नालियों में बहा देते हैं । यदि हम वर्षा रूपी अमृत को अपने कुए या नलकूप में वर्षा जल संग्रहण तकनीक के माध्यम से संग्रहीत कर लेते हैं तो हमारी जल संकट से मुक्ति के साथ ही यदि आपके कुएं या नलकूप में खारा या मोरा पानी है तो वह भी पीने योग्य हो जाएगा । तत्संबंध में अनुराग संस्था से निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें । बिना किसी अतिरिक्त व्यय के नवीन भवन निर्माता मकान बनाने से पूर्व ही अनुराग संस्था से संपर्क स्थापित कर छतीय वर्षा जल संग्रहण तकनीक स्थापना हेतु निःशुल्क मार्गदर्शन प्राप्त करें।

उक्त विचार समाजसेवी सुरेश सावरा ने व्यक्त किए । वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को जल संवर्धन, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे । अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में संस्कृत गुरु दिनेशदास बैरागी, श्रीचंद भावनानी, रमेश सोनी, शंभूसेन राठौर, राजनारायण भटनागर, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, राजेश मेडतवाल, चंद्रशेखर गौड़, सत्यनारायण भूरिया, इंजी. एस के जैन, रामचंद्र रैकवार, बालकृष्ण दवे आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

शासकीय सेवा से निवृत्त होने पर मिला सम्मान कार्य की श्रेष्ठता बताता हैः विधायक सिसोदिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

किसी भी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी की सेवानिवृत्त होने पर उसको जो सम्मान मिलता है। यह उस अधिकारी, कर्मचारी की सेवाकाल में किए गये श्रेष्ठतम कार्य को दर्शाता है। उक्त विचार क्षेत्रीय विधायक चंदरसिह सिसोदिया ने भानपुरा में प्राचार्य व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए कमलेश सिंह चंदेल के सेवानिवृत्त व सम्मान समारोह में व्यक्त किए। सिसोदिया ने कहा कि 38 साल 6 माह बिना किसी विवाद न कोई आरोप,प्रत्यारोप के चलते एक ही नगर एक ही तहसील भानपुरा में अपनी शासकीय सेवा देना यह चंदेल के कार्य कि सफलता बताता है।

स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित

आपने चंदेल को एक क्रत्यव निष्ठ अधिकारी बताया और उनके स्वस्थ रहने व दीर्घायु होने कि कामना की कमलेश सिंह चंदेल 38 वर्ष 6 माह का अपना शासकीय सेवा का कार्यकाल पूरा कर 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए वह पूरे अपने सेवाकाल में भानपुरा नगर व तहसील में ही पदस्थ रहे वह हायर सेकंडरी स्कूल भानपुरा,माडल स्कूल भानपुरा,के प्राचार्य व अलग अलग तीन बार विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे ओर इसी के साथ लगभग 35 वर्षों तक एन सी सी अधिकारी भी रहे 2 अगस्त कमलेश सिंह चंदेल मित्र मण्डल द्वारा एक स्वागत व सम्मान समारोह आयोजित किया इसमें संकुल व विकास खण्ड के सेकंडों शिक्षक गण,जन प्रतिनिधि,पत्रकार गण व गणमान्य नागरिक उपस्थित थ।

चंदेल का दो दर्जन से भी अधिक सामाजिक धार्मिक संस्थाओं ने स्वागत सम्मान किया इस गरिमामय सेवानिवृत्त समारोह को पुर्व विधायक देवीलाल धाकड़, वरिष्ठ कांग्रेस नेता निमीष तिवारी,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप्स फेडरेशन के राष्ट्रीय चेयरमैन अनिल नाहर, प्राचार्य शेखर वधवा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेश चोधरी,किशोर माली,सहित अनेक गणमान्य नागरिक गणों ने संबोधित किया व चंदेल के कार्यकाल कि सराहना कि चंदेल का शिक्षक गणों ने अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर विक्रम विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर अर्पण भारद्वाज, प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा सुरेश पाण्डेय कोटा,प्रेस क्लब अध्यक्ष लालचंद रुद्रवाल,सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह चौहान, श्रमजीवी पत्रकार संघ



अध्यक्ष करण भुटानी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दर्शन वधवा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आदित्य मंगरोलिया, महामंत्री अनिल राठोर,जैन श्वेताम्बर समाज अध्यक्ष अशोक गोखरू,पुर्व कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष राधेश्याम सागित्रा,पुर्व जिला पंचायत सदस्य बद्रीलाल पाटीदार, वरिष्ठ प्राचार्य वी के श्रीवास्तव,डॉ पी के भट्ट,पूर्व जिला खेल अधिकारी के एल, मेहरा, सरपंच मनीष परिहार,पुर्व जनपद अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पुरोहित,पुर्व प्राचार्य अनिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ शिक्षक दिलीप राठोर,एस गुप्ता,पुर्व सनातन धर्म मण्डल अध्यक्ष भुपेंद्र सोनी, शिवाजी बम्बोरिया, अशोक भालिया,अब्दुल लतीफ खान, वरिष्ठ समाजसेवी आलम भाई अगवान, अनिल बघेरवाल,प्रेम पहाड़ियां,सहित सैंकडों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ओर सभी ने चंदेल का शॉल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर व माला पहनाकर सम्मान किया, चंदेल का प्रेस क्लब भानपुरा, सनातन धर्ममण्डल,जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप,शिक्षक संघ, पेंशनर संघ, राजपत्रित अधिकारी संघ, संविदा शिक्षक संघ, भाजपा मण्डल,कमलेश सिंह चंदेल मित्र मण्डल,सहित अनेक संस्थाओं ने स्वागत सम्मान किया। चंदेल ने अपने संबोधन में कहा कि 38 सालों में जो प्यार,स्नेह, विश्वास मिला वह मेरे जीवन कि अमुल्य निधि है। आज जो भी हुं। इस भानपुरा नगर ओर मेरे शिक्षक साथियों ओर मित्र गणों कि देन जो अपनत्व व प्यार मिला उसके लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है जीवन भर ऋणि रहूंगा। जीवन की अंतिम श्वास तक भानपुरा स्मरण में रहेगा।

सड़कों पर गोवंश, हादसों का खतरा



सारंगपुर। क्षेत्र में आवारा गौवंश की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। बारिश का मौसम शुरू होते ही कई ग्रामीण अपने गोवंश को खुला छोड़ देते हैं। सुरक्षित और सूखी जगह की तलाश में ये मवेशी राष्ट्रीय एवं राज्य मार्गों सहित मुख्य सड़कों पर पहुंच जाते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। कई बार गोवंश वाहनों की चपेट में आकर घायल हो जाता है, वहीं वाहन चालकों की जान भी जोखिम में पड़ जाती है। शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर बड़ी संख्या में गोवंश खुलेआम घूमता दिखाई दिया। सड़क के बीचों-बीच विचरण करते मवेशियों के कारण वाहन चालकों को रफ्तार धीमी करनी पड़ी और दुर्घटना की आशंका बनी रही। इसी दौरान हाईवे पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना मिलने पर गोभक्त मौके पर पहुंचे और तत्काल पशु चिकित्सक को बुलाकर घायल गोवंश का उपचार कराया। हालांकि खबर लिखे जाने तक गोवंश की हालत गंभीर बनी हुई थी।स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान यह समस्या और अधिक बढ़ जाती है, क्योंकि खुले में छोड़े गए मवेशी ऊंचे और सूखे स्थानों की तलाश में सड़कों का रुख कर लेते हैं। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देश जारी किए थे कि सड़कों पर कहीं भी गौवंश दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा था कि यदि सड़क पर आवारा गौवंश पाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत, नगर पालिका अथवा नगर परिषद की होगी।

यात्री वाहनों में मिली कमियों पर कार्रवाई

सड़कों पर उतरी आरटीओ टीम, वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

हाईवे सहित अन्य आंतरिक मार्गों पर यात्री वाहनों में कई तरह की कमियों की शिकायतों के बाद आरटीओ विभाग ने कार्यवाहियां शुरू की हैं। इसी कडी में जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेंद्र वैश्य के निर्देशन में बनाई गई टीमों ने राजगढ़-ब्यावरा मार्ग एवं राजगढ़-खुजनेर मार्ग पर यात्री वाहनों को चेक किया। इस दौरान कुछ बसों में फस्ट एड बॉक्स नहीं मिला तो कुछ बसों में खिड़कियों के कांच टूटे पाए गए। इसके साथ ही अन्य कमियां भी मिलीं। क्षेत्रीय परिवहन निरीक्षक प्राची शर्मा ने बताया कि चेकिंग के दौरान कई बसों में विभिन्न तरह की कमियां मिलने पर उन पर चालानी कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। जुर्माने के साथ ही वाहन चालकों यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए परिवहन विभाग के नियमों के अनुरूप वाहनों का संचालन करने की समझाइश दी गई। आगे से कमियां पाए जाने पर बसों पर अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएंगी।



कालीपीठ मार्ग पर भी कार्रवाई की दरकारः विभाग ने भले ही कार्रवाई की हैं लेकिन वे अभी भी नाकाफी हैं। जिले के अनेक आंतरिक मार्गों पर नियमों का उल्लंघन करते वाहनों का संचालन किया जा रहा है। अगर बात मुख्यालय से कालीपीठ मार्ग की करें तो यहां यात्री बसों की संख्या बेहद कम है। ऐसे में तंवरवाड़ क्षेत्र के करीब 50 से अधिक ग्रामों के ग्रामीण ऑटो में ठूंस-ठूंसकर भराकर सफर करते हैं। यहां भी कार्रवाई की आवश्यकता है।

शिकायत के बाद भाजपा नेताओं ने रुकवाया कार्य, मानकों से निर्माण की मांग

सड़क किनारे बना रहे नई नाली पर विवाद, ग्रामीणों का घटिया निर्माण का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत मऊ, पड़ाना, तलेन सड़क मार्ग पर लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कोडेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया जा रहा है। हालांकि नाली निर्माण की गुणवत्ता और निर्माण पद्धति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है तथा इसमें घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर पुरानी नाली को छोड़कर सड़क के समीप आड़ी-तिरछी नई नाली बनाई जा रही है, जिससे सड़क की चैड़ाई कम हो गई है और आवागमन में परेशानी बढ़ रही है। उनका कहना है कि लगभग 25 वर्ष पुरानी नाली को व्यवस्थित करने के बजाय उसके आगे नई नाली बना दी गई, जिससे दुकानों के सामने फिर अतिक्रमण बढ़ने लगा है।

शिकायत मिलने पर भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार सहित भाजपाइयों ने शनिवार को ग्रामीणों के साथ आसारेटादृतलेन चैराहे पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आसारेटादृतलेन चैराहे से सदर बाजार, गांधी चैक और बस स्टैंड तक कई स्थानों पर मानकों के विपरीत नाली निर्माण किया गया है। उनका कहना है कि बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़क पर बहता है। वहीं इब्राहिम खां मंसूरी के मकान के सामने बिजली के पोल को बचाने के लिए नाली को आड़ी-तिरछी बना दिया गया।इस दौरान भाजपा नेताओं ने घटिया निर्माण कार्य को रुकवा दिया। वहीं स्थानीय रहवासियों का कहना है कि उन्होंने निर्माण कार्य रुकवाने की मांग नहीं की है। मांग है कि दोनों ओर पुरानी नाली की जगह पर ही बिना किसी भेदभाव के मानकों के अनुरूप नाली का निर्माण कराया जाए।

इनका कहना है

ग्रामीणों की शिकायत पर नाली निर्माण कार्य अभी रुकवाया गया है ग्रामीण एवं राजस्व अधिकारियों से चर्चा कर पुनः मानकों के अनुरूप कार्य शुरू करवाया जाएगा।

-अक्षय महाजन
एसडीओ पीडब्ल्यूडी सारंगपुर।